## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में निकाय चुनाव नहीं कराने पर जतायी नाराजगी, मुख्य सचिव को किया तलब।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लिखा पत्र, राज्य का 13 हजार 299 करोड़ रुपये बकाया माफ करने का किया आग्रह।
- वरीय न्यायाधीश सुजीत नारायण बने झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना।
- राज्य में वज्रपात से 11 लोगों की मौत, खराब मौसम के कारण एयर इंडिया का विमान कोलकाता डायवर्ट, चार घंटे बाद पहुंचा रांची।
- रांची में खेली जा रही 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची संताल, दक्षिणी और उत्तरी छोटानागपुर की टीम, आज होंगे खिताबी मुकाबले।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में नगर निगम और नगर निकायों का चुनाव नहीं कराने पर कड़ी नाराजगी जतायी है। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने कहा कि न्यायालय के आदेश को सरकार बाइपास कर रुल ऑफ लॉ का गला घोंट रही है।

हमारी संवाददाता ने बताया है कि न्यायालय ने अगली सुनवाई में राज्य के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने को कहा है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने केन्द्र सरकार से राज्य में प्रतिनियुक्त केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों के मद में बकाया राशि माफ करने का आग्रह किया है। इस सिलसिले में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। अर्द्ध सैनिक बलों के मद में झारखंड पर केन्द्र का 13 हजार 299 करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया है। जिसे माफ करने का आग्रह किया है। श्री सोरेन ने पत्र में कहा है कि केन्द्र सरकार झारखंड के विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में सहयोग करे।

*********************

वरीय न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद को झारखंड हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार के विधि मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। झारखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के पदभार ग्रहण करने तक हाईकोर्ट जस्टिस सुजीत नरायण प्रसाद को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के दायित्व का निर्वहन करेंगे। नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान 23 जुलाई को पदभार ग्रहण करेंगे।

*********************

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य में नए आपराधिक कानूनों के लिए गठित छह समितियों के कार्यों की समीक्षा की। झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक में नए अपराधिक कानून के सफल कार्यान्वयन के संबंध में गठित विभिन्न समितियों के अब तक के कार्यों की जानकारी ली गयी। इनमें लीगल कमेटी, पब्लिक अवेयरनेस कमेटी, टेक्निकल अपग्रेडेशन कमेटी, फाइनेंशियल कमेटी, ट्रेनिंग कमेटी और डिजिटल इन्वेस्टिगेशन कमेटी के अध्यक्षों और सदस्यों ने भाग लिया।

*********************

झारखंड चौंबर ऑफ कामर्स ने राज्य के उपभोक्ताओं पर पांच प्रतिशत बिजली सरचार्ज लगाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। इस सिलसिले में रांची में चेंबर की एक बैठक आयोजित की गयी। चेंबर के सदस्यों ने विभाग के इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस प्रस्ताव से न केवल व्यापार, उद्योग और निवेश प्रभावित होगा बल्कि आम लोग भी प्रभावित होंगे। चेंबर के सदस्यों ने कहा कि विभाग को जनहित में इस प्रस्ताव को वापस लेना चाहिए।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

बोकारो जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे पुलिस कर्मियों के बीच पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने छाता, चश्मा, रेनकोट और वाटर बोतल का वितरण किया। बोकारो स्टील सिटी के नया मोड़ स्थित ट्रैफिक थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने बताया कि बेहतर पुलिसिंग के लिए यह पहल की जा रही है।

*********************

खूंटी जिले की अंगराबारी स्थित बाबा आम्रेश्वर धाम भक्तों की आस्था और श्रद्धा का केन्द्र बन गया है। सावन में तो इसकी आध्यात्मिक महता और बढ़ जाती है।

*********************

राज्य में फिलहाल मानसून कमजोर पड़ गया है। लगातार बारिश से लोगों को निजात मिली है। इससे तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में वज्रपात से 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 19 लोग घायल हो गए। मृतकों में सात संताल और कोयलांचल इलाके के हैं। इसके अलावा हजारीबाग में दो और लातेहार तथा गुमला में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है।

*********************

इस बीच एयर इंडिया एक्सप्रेस का दिल्ली–रांची विमान खराब मौसम के कारण कल कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। विमान अपने निर्धारित समय शाम पौने पांच बजे रांची पहुंचा लेकिन तेज बारिश और हवा के कारण विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान दोबारा चार घंटे बाद पौने नौ बजे रांची आया। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

*********************

रांची में आयोजित 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों का फाइनल लाइन अप तय हो गया है। अंडर–15 बालक वर्ग के फाइनल में संथाल प्रमंडल का मुकाबला दक्षिणी छोटानागपुर से होगा। अंडर–17 बालिका वर्ग के फाइनल में दक्षिणी छोटानागपुर और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की टीमें आमने–सामने होंगी। अंडर–17 बालक वर्ग में खिताबी भिड़ंत संथाल प्रमंडल बनाम उत्तरी छोटानागपुर के बीच होगा। प्रतियोगिता का समापन आज दोपहर दो बजे खेलगांव में होगा।

*********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नगर निकाय चुनाव नहीं कराने पर झारखंड हाईकोर्ट के सख्त रुख की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 2 हजार छह सौ बेड का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल होगा रांची का रिम्स–टू।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– रांची के दो बिल्डरों को अगवा कर बोकारो में 50 लाख लूटे।

प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड में तेज हुआ रोपा का काम, 13 प्रतिशत खेतों में लगी धान की फसल।

दैनिक जागरण लिखता है– राज्य में 55 इनामी माओवादी, इन पर आठ करोड़ 45 लाख रुपये का इनाम घोषित।

****************